तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 25 नवंबर 2024

10 आमानाका और पंडरी में नया बस डिपो बनाने सिविल वर्क का ...

12 स्वास्थ्य सेवा का आधार स्तंभ हैं मितानिनें




## खबर संक्षेप

### खड़ी ट्रक से टकराई कार एक की मौत, सात घायल

**दुर्ग।** बीती रात दुर्ग बाईपास उरला पुल के पास खडी ट्रक के पीछे एसयूव्ही कार टकरा गई। इस घटना के बाद पेट्रोलिंग पुलिस की बडी लापरवाही सामने आई हैं। दो से तीन दिनों तक खराब खडी इस ट्रक में कोई संकेत नही लगाए गए थे, वहीं ट्रक में रेडियम पट्टी भी नही था। इस बीच एसयूव्ही कार के ड्राइवर ने ओव्हर टेक किया और सामने खडी ट्रक को देख नही पाया। जिसके चलते कार टकराई और सात लोग घायल हो गए, वहीं ड्राइवर की आन द स्पाट मौत हो गई। हाईवे में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने की जिम्मेदारी हाईवे पेट्रोलिंग की होती है। अगर ट्रक दो से तीन दिनों तक सडक किनारे खराब खडी थी तो उसके आसपास घेरा क्यो नही बनाया और ट्रक में रेडियम पट्टी भी नही लगी थी। घटना में शुक्रवार शाम करीब सात बजे की हैं। मोहननगर थाने की पुलिस ने बताया कि, महाराष्ट्र के बीड से जगन्नाथपुरी दर्शन के लिए पंडित परिवार जा रहा था।

### गैंगस्टर अमित का सहयोगी दादर-हवेली से हुआ गिरफ्तार

**भिलाई।** सेक्टर-6 निवासी कुख्यात अपराधी अमित जोश को भागने में सहयोग करने वाला अभिषेक कुमार पिता देवेश कुमार (31 वर्ष) गिरफ्तार कर लिया है। वह मूलतछ एआरव्ही रिवरडेल सिलवासा दादर नगर हवेली का रहने वाला है। पुलिस को घटना के बाद से ही अभिषेक की तलाश थी। अमित जोश के एनकाउंटर के बाद से वह फरार चल रहा था। इस मामले में पुलिस ने अमित जोश का सहयोग करने वाले आरोपी शंकर भाट को भाटपारा और रूपेश सिंह को औरंगाबाद बिहार से गिरफ्तार किया गया है। बहरहाल इस मामले में पुलिस की जांच चल रही है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रमनजीत पिता अवतार सिंह विश्रामपुर सुरजपुर ने भिलाई नगर में शिकायत की थी कि वह अपनी नानी के अंत्योष्टि कार्यक्रम में शामिल होने सूरजपुर से वैशालीनगर आया हुआ था, जो अपने दोस्त आदित्य सिंह एवं सुनील यादव जो सुरजपुर के रहने वाले हैं। पढ़ाई करने भिलाई में आए हुए हैं।

### नगरीय निकाय कर्मियों का हड़ताल स्थगित

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष संजय एडे ने जारी बयान में कहा है कि मेरे द्वारा छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया गया है। इसलिए हड़ताल आगे जारी रखना या स्थगित करने का निर्णय सभी जिलाध्यक्ष आपसी समन्वय स्थापित तय कर सकते हैं। महासंघ के आव्हान पर 19 नवंबर से जिला स्तरीय हड़ताल का आयोजन किया गया था।

# मांगों की अनदेखी से परिवहन संघ में आक्रोश, आज करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राजहरा परिवहन संघ के तत्वावधान में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर किए जा रहे अनिश्चितकालीन धरने के पांचवे दिन तक बीएसपी प्रबंधन की ओर से कोई सुध नहीं ली गई। वहीं, अनदेखी व मांगों का सार्थक हल नहीं निकलने के कारण पूर्व में घोषित 25 नवम्बर को दल्ली, व राजहरा तथा महामाया के समस्त उत्पादन चक्काजाम कर ठप किए जाने को लेकर राजहरा परिवहन संघ ने अपनी तैयारी पूर्ण कर ली है। संघ के सैकड़ों सदस्य उक्त चक्काजाम में उपस्थित होंगे। साथ ही व्यापारी संघ, अनाज किराना व्यापारी संघ, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स दल्लीराजहरा इकाई सहित राजनीतिक दलों ने भी बंद का समर्थन किया है। इसके साथ ही इस दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की अनहोनी होने पर पूर्ण जवाबदारी बीएस पी प्रबंधन की होने की लिखित आवेदन पूर्व में देने की बात कही गई है।

राजहरा परिवहन संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बताया कि वे अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन राजहरा माइंस कार्यालय के समीप 20 नवंबर से कर रहे है, किंतु शासन प्रशासन व बीएसपी प्रबंधन की ओर से कोई भी उनकी सुध लेने धरना स्थल नहीं पहुंचा। संघ के लोगों ने कहा कि इससे लगता है कि शासन प्रशासन ब बीएसपी प्रबंधन शांतिपूर्ण आंदोलन को नजर अंदाज कर रहा है। उग्र प्रदर्शन होने पर ही हमारी बातों को सुना जाएगा।

## धरना-प्रदर्शन के पांच दिन पूरे, प्रबंधन ने नहीं की चर्चा की पहल



### सांसद नाग ने की पदाधिकारियों से चर्चा, प्रयास करने का दिया आश्वासन

इससे पूर्व कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग ने शनिवार 23 नवंबर को दल्लीराजहरा प्रवास के दौरान बीएसपी गेस्ट हाउस में राजहरा परिवहन संघ के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट कर पांच सूत्रीय मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान सांसद भोजराज नाग ने उनकी मांगों को इस्पात मंत्री, पर्यावरण मंत्री एवं खान मंत्री से मिलकर अवगत कराने तथा समस्या के निदान के लिए प्रयास करने की बात कही।

## थाना अर्जुन्दा पुलिस ने सुलझाई बोरगहन-परसवानी मार्ग पर मिली लाश की गुत्थी

# हत्या को दुर्घटना का रूप देने की कोशिश 5 घंटे में ही पुलिस के हत्थे चढ़े दो आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

23 नवंबर को हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने 5 घंटे में ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना को दुर्घटना का रूप देने का प्रयास आरोपी ने किया था, लेकिन पुलिस की पैनी नजर से आरोपी का अपराध छुप न सका और इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने में बालोद जिले की अर्जुन्दा पुलिस को सफलता मिली है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 नवंबर की सुबह 9:30 बजे थाना अर्जुन्दा पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के ग्राम बोरगहन से परसवानी मार्ग पर एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर अर्जुन्दा पुलिस घटना स्थल पहुंची। मृतक की पहचान ग्राम बासिन निवासी देवार दुखुराम मरकाम पिता स्व. करिया मरकाम के रूप में हुई। उसके पास ही एक सायकल जिसमें प्लास्टिक की खाली बोरी बंधी हुई थी, गिरी पड़ी थी। पुलिस अधीक्षक एसआर भगत के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी के निर्देशन एवं अनुविभागीय पुलिस गुण्डरदेही देवांश सिंह राठौर के पर्यवेक्षण में प्रभारी अर्जुन्दा प्रदीप कंवर, सायबर सेल प्रभारी जोगेन्द्र सिंह एवं स्टाफ, क्राइम सीन भिलाई, दुर्ग द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।



### दोनों आरोपी जेल दाखिल



आरोपियों ने बताया कि दुखुराम अर्जुन्दा से अपने घर बासीन जा रहा था। इस दौरान दोनों ने उसका पीछा किया और ग्राम बोरगहन से परसवानी जाने वाले मार्ग पर सुनसान जगह पर उसे अकेला पाकर उसका गला घोंटकर हत्या कर दी। इस पर धारा 103 (1) बीएलएस घटित करना पाये जाने से वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। आरोपी ग्राम भाठागांव वार्ड क्रमांक 02 अर्जुन्दा निवासी राजा बाबू मरकाम पिता करिया देवार 22 वर्ष व तहसील कार्यालय के पास निवासी रोहित मरकाम पिता हेमसिंह मरकाम 21 वर्ष को थाना अर्जुन्दा द्वारा रिमांड पर जेल भेजा गया।

### स्वयं घटनास्थल पहुंचे पुलिस अधीक्षक भगत

स्वयं पुलिस अधीक्षक श्री भगत ने घटना स्थल पहुंचकर, एसडीओपी गुण्डरदेही के नेतृत्व में अर्जुन्दा पुलिस सायबर सेल बालोद, ट्रेकर डॉग राजनांदगांव को घटना स्थल के आस पास की जगहों का बारिकी से निरीक्षक कर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपस्थित लोगों से पता चला कि मृतक दुखुराम मरकाम ग्राम बासिन रहने वाला था, जो कबाड़ का लोहा, प्लास्टिक फेरी का काम करता था। 22 नवंबर को कबाड़ का लोहा, प्लास्टिक को इकट्ठा करके अर्जुन्दा में बेचकर अपने घर बासीन जा रहा था। सूचना के आधार पर अर्जुन्दा में मृतक से मिलने वाले लोगों से पूछताछ की गई। इस दौरान संदेह के आधार पर अर्जुन्दा के देवार डेरा में रहने वाले राजा बाबू, रोहित मरकाम से अलग अलग कड़ाई से पूछताछ की गई। उन्होंने कबाड़ बेचने के दौरान मृतक से सायकिल की चोरी को लेकर विवाद होने की जानकारी दी। इस बात से आरोपी आक्रोशित थे।

# पुराने बारदानों की कमी ने बढ़ाई किसानों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धान बेचने के पहले अब किसानों को पुराने बारदाना के लिए भटकना पड़ रहा है। यह स्थिति राइस मिलरों की हड़ताल के कारण निर्मित हुई है। राइस मिलरों की हड़ताल का असर अब धान खरीदी पर पड़ने लगा है। मिलरों से मिलने वाला पुराना बारदाना उनकी हड़ताल के कारण समिति को नहीं मिल रहा है, जिससे धान खरीदी प्रभावित हो सकती है। समिति ने किसानों से ही धान के साथ पुराना बारदाना लाने कहा है।

- कुल बारदानों में से आधा पुराना होने की अनिवार्यता से प्रभावित हो रही खरीदी

दरअसल धान खरीदी में लगने वाले कुल बारदाने का आधा पुराना होना चाहिए। ऐसी व्यवस्था कम्प्युटर सॉफ्टवेयर में भी की गई है, जिससे प्रत्येक किसान से उनके द्वारा बेचे गए धान में प्रयुक्त होने वाले कुल बारदाने का आधा पुराना बारदाना होने पर ही साफ्टवेयर उक्त किसान के धान विक्रय की एंट्री को स्वीकार करता है। आधा बारदाना पुराना नहीं होने पर साफ्टवेयर में धान खरीदी का रिकार्ड ही नहीं चढ़ता। उधर, वर्तमान में राईस मिलर्स हड़ताल पर हैं। उनकी हड़ताल के कारण मिलरों से मिलने वाला पुराना बारदाना समिति को नहीं मिल रहा है। समिति ने इसकी वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए किसानों को सूचित किया है कि पुराना बारदाना लाने पर ही उस किसान से धान खरीदी की जाएगी। इस नए फरमान से किसान परेशान हैं। अब किसान पुराने बारदाने के लिए भटक रहे हैं।

### प्रति बारदाना 25 रुपए भुगतान करेगी सरकार

हालांकि समिति ने स्पष्ट किया है कि पुराना बारदाना के बदले सरकार किसान को प्रति बोरी 25 रूपये भुगतान करेगी। बहरहाल किसानों के पास भी पुराना बारदाना नहीं है। अब वे धान विक्रय की परेशानी के साथ पुराने बारदाने की व्यवस्था करने की समस्या से भी जूझ रहे हैं।

### कुल बारदाने का आधा पुराना होने पर ही होती है एंट्री

सेवा सहकारी समिति अरकार प्रभारी खेमू राम ने कहा कि सॉफ्टवेयर में ऐसा सिस्टम है कि खरीदी की गई मात्रा में उपयोग होने वाले कुल बारदाने में से आधा पुराना होने पर उसकी एंट्री होती है, नहीं तो कम्प्यूटर एंट्री को स्वीकार नहीं करता। मिलरों की हड़ताल खत्म होने पर समस्या से मुक्ति मिल सकेगी। तब तक किसानों को ही पुराना बारदाना लाना होगा।

# अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

बाइक के अनियंत्रित होकर गिरने से उसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। मंगचुवा थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 24 नवंबर की शाम लगभग 5.30 बजे की बताई जा रही है।

- खैरकट्टा मोड़ पर वाहन हुआ अनियंत्रित

पुलिस के अनुसार राकेश कुमार रात्रे पिता रघुवीर सिंह रात्रे निवासी संबलपुर डौंडीलोहारा, वामन तारम पिता शिवचरण तारम संबलपुर डौंडीलोहारा तथा कंवल सिंह पिस्दा पिता पुनऊ राम पिस्दा तीनों बाइक पर सवार होकर मंगचुवा से डौंडीलोहारा की ओर आ रहे थे। इस बीच खैरकट्टा गांव में मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इससे बाइक चालक वामन तारम को अत्यधिक चोट लगने के कारण डौंडीलोहारा अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। घायल राकेश कुमार को प्राथमिक उपचार के लिए अरजपुरी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। विदित हो कि डौंडीलोहारा से खैरकट्टा की दूरी 18 किलोमीटर तथा खैरकट्टा से मंगचुवा की दूरी 12 किलोमीटर है।

# डोंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष चुने गए तिलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

व्यापारी संघ के त्रिवार्षिक चुनाव में तिलक दुबे अध्यक्ष निर्वाचित हुए। चार पदों पर प्रत्याशियों ने नामांकन भरा था, जिसके लिए नगर पंचायत सांस्कृतिक भवन में मतदान हुआ।

- कमलेश उपाध्यक्ष, जगत कोषाध्यक्ष और नन्द को मिली सचिव की जिम्मेदारी

मतदान के लिए व्यापारियों में खासा उत्साह रहा, जिसके कारण 95 फीसदी वोट पड़े। चुनाव में तिलक दुबे ने अपने निकटतम प्रत्याशी दीपक राजा भोज को 68 मतों से परास्त कर जीत हासिल की। कुल 252 में से 232 व्यापारियों ने वोट डाले, जिनमें से 7 मत निरस्त हुए।






तिलक दुबे को 112 एवं दीपक राजा भोज को 54, शिवम सोनी को 36 तथा दीपक जायसवाल को 28 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार तिलक दुबे 68 मतों से विजयी घोषित हुए। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर कमलेश कामले ने 68 मतों से जीत हासिल की। कोषाध्यक्ष पद पर जगत यादव 129 मतों तथा सचिव पद पर नन्द लोनहरे ने 96 मतों से जीत हासिल की। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने में निर्वाचन अधिकारी के रूप में

प्रेम शुक्ला, शफीक कुरैशी, राजू भैंसरा, शुभ सिंह कोरेटी, शिवम दुबे, निखिल अग्रवाल, शमशेर बैग मिर्जा, राजेंद्र हरदेल की भूमिका महत्वपूर्ण रही। वहीं, डोंडी पुलिस भी सुरक्षा के लिए डटी रही।

गौरतलब है कि डोंडी व्यापारी संघ के 15 वर्ष बाद हुए चुनाव के लिए व्यापारियों में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। जीत के बाद संघ के सदस्यों ने नगर में विजय जुलूस निकाला।

### अचौद में लोकार्पण कार्यक्रम 26 को

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत अचौद में 26 नवम्बर को दोपहर 12 बजे गाँव में विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया है। सरपंच उत्तरा चंद्राकर ने बताया कि शासकीय हाई स्कूल परिसर में प्रार्थना स्थल एवं साइकिल तथा वाहन रखने के लिए टीन शेड का निर्माण किया गया है, जिसका लोकार्पण 26 नवंबर को किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद कांकेर लोकसभा क्षेत्र मोहन मांडवी होंगे एवं अध्यक्षता विधायक गुंडरदेही विधानसभा कुंवर सिंह निषाद करेंगे। विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य बालोद पुष्पेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही सुचित्र हेमंत साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुण्डरदेही दीपक साहू होंगे।


## ग्राम भाटागांव (बी) में भगवताचार्य ने सुनाई पूतना वध की कथा

# परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम से ही संभव : राजीव नयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम से ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए ग्राम भाटागांव (बी) में भगवताचार्य राजीव नयन महाराज ने उक्त बातें कहीं। कथा वाचक राजीव नयन ने कहा कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी।

श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते–करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण कर दिया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती हैं, उसके बाद पंचगव्य गाय के गोबर, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती हैं। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 कोटि देवी-देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं।



### माता यशोदा को कराया तत्व दर्शन, तत्काल भुला भी दिया

पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सके। गोपबालकों ने जाकर यशोदा माता से शिकायत कर दी मां तेरे लाला ने माटी खाई है। यशोदा माता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं, अच्छा खोल मुख माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्री कृष्ण के मुख खोलते ही यशोदा ने देखा कि मुख में चर–अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्ण ज्योतिमण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इंद्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यह ब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वहां भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को।

श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो हो चुकी बाललीला, फिर तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी। जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गयीं।

### धर्म को जानने के लिए गीता भागवत, रामायण पढ़ें

कथावाचक ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नहीं मानती है, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले गीता, भागवत, रामायण पढ़ो, तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी। ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोड़कर गिर्राज जी की पूजा शुरू कर दी तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की, तब कृष्ण भगवान ने गिरिराज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया। तब इंद्र को भगवान की सत्ता का अहसास हुआ और इंद्र ने भगवान से क्षमा मांगी। उन्होंने कहा कि हे प्रभु मैं भूल गया था कि मेरे पास जो कुछ भी है, वह सब कुछ आप का ही दिया है।


### गंदगी फैलाने वालों पर लगा जुर्माना

**भिलाई।** नगर पालिका निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 1 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 सुपेला मार्केट में विभिन्न व्यवसायरत व्यवसासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक एवं व्यवसाय परिसर के फल ठेलों में गंदगी मिली। इन लोगों द्वारा गीला व सूखा कचरा अलग नहीं कर रहे थे।ठेले-खोमचों में जांच की गई। यहां के दुकानों में भी जांच के बाद निगम की टीम ने कार्रवाई की। ऐसे लोगों से निगम ने 2570रुपए का चालानी कार्रवाई की है। विगत दिनों आयुक्त राजेश पांडेय ने जोन क्षेत्र के बाजारों का जायजा लिया था। इस दौरान मार्केट में व्यवसायी कचरा और गंदगी फैलाते मिले। आयुक्त ने चेतावनी दी थी कि यदि जानबूझकर कचरा फेका गया मिला तो उस क्षेत्र में सफाई नहीं की जाएगी। हालात को देखते हुए आयुक्त ने निगम की टीम को जांच के लिए भेजा। जांच के दौरान गंदगी फैलाने वाले मिले जिन्हें नोटिस भी दिया और वसूली भी की गई।

हरिभूमि पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100







## खबर संक्षेप



### प्रमाणपत्र लिया, विजय जुलूस निकाला

**रायपुर।** बीजेपी उपचुनाव में प्रत्याशी सुनील सोनी को 46 हजार मतों से विजयी घोषित किया गया। रायपुर कलेक्टर ने सेजबहार मतगणना केंद्र में उन्हें जीत का प्रमाणपत्र दिया। प्रमाणपत्र लेने के बाद विजय जुलूस के साथ सेजबहार से भाजपा के दक्षिण विधानसभा कार्यालय तत्पर में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की। इस दौरान नगर निगम वार्ड क्रमांक 67 से सोनू तिवारी, यादराम साहू, मोहन वर्मा, अजय ठाकुर, गजानन मिश्रा, प्रवीण शर्मा, दिनेश श्रीवास, देवचंद कटरे, टीकम वर्मा, सहदेव चंद्राकर, झम्मन मिश्रा, आनंद साहू, ईश्वर देवांगन, देवा सेन और टीम उपस्थित थी।

### प्रेस क्लब के साथियों ने उठाया लर्निंग लाइसेंस शिविर का लाभ



**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय ड्रायविंग लायसेंस शिविर के पहले दिन शनिवार को 152 पत्रकारों एवं उनके परिजनों ने ड्रायविंग लाइसेंस बनवाकर इस शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ड्रायविंग लायसेंस संबंधी समस्याओं का समाधान भी किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि प्रेस क्लब द्वारा अपने सदस्यों और मीडिया के साथियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार इस तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। पत्रकार अपनी व्यस्तताओं की वजह से अपना और अपने परिजनों के ड्रायविंग लाइसेंस चाह कर भी नहीं बनवा पाते। कई बार नवीनीकरण में भी देरी हो जाती है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर प्रेस क्लब द्वारा शिविर का आयोजन किया गया है।

### आचार संहिता उल्लंघन की 18 शिकायतें, सभी निराकृत

**रायपुर।** दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की घोषणा से लेकर चुनाव संपन्न होने तक आचार संहिता उल्लंघन की कुल 18 शिकायते जिला प्रशासन के चुनाव शिकायत केंद्र में की गई थी। इन सभी शिकायतों का निराकरण कर दिया गया। शिकायत केंद्र के नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव के लिए जिला पंचायत बिल्डिंग की पहली मंजिल में शिकायत केंद्र बनाया गया था। इस शिकायत केंद्र में 16 से 30 अक्टूबर के दौरान ही 18 शिकायते मिली थी। इनमें ज्यादातर शिकायत बैनर-पोस्टर को लेकर आई थी। कई शिकायते फर्जी भी मिली, क्योंकि मौके पर जाकर जांच की तो कहीं भी बैनर या पोस्टर टंगा नहीं मिला। इस तरह जितनी शिकायते आई थी, सभी निराकृत कर दी गई है।

### गांजा बेचने के फिराक में घूम रही महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** एसीसीयू और खुर्सीपार पुलिस ने कैरी बैग में गांजा लेकर बेचने की फिराक में घूम रही महिला को पकड़ा। महिला का नाम बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी बी भवानी पति कुमार राव (40 वर्ष) बताया गया है।

### भाजपा नेताओं ने एक स्वर में कहा, यह विष्णु सरकार के सुशासन की जीत

# भाजपा में जीत का जश्न, मुख्यमंत्री साय बोले- कांग्रेस को जितने मत नहीं मिले, उससे ज्यादा मतों से भाजपा की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण में भाजपा की जीत के बाद एकात्म परिसर में भाजपा ने जमकर जश्न मनाया। भाजपा नेता जहां खूब थिरके, वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के साथ ही भाजपा के कई दिग्गज नेता एकात्म परिसर में जुटे। भाजपा की जीत पर मुख्यमंत्री साय ने कहा, कांग्रेस को जितने मत नहीं मिले, उससे ज्यादा मतों से भाजपा की जीत हुई है, यह कांग्रेस की दुर्गति का प्रमाण है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव सहित सभी भाजपा नेताओं ने भाजपा की जीत को प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन की जीत बताया है।

सीएम साय ने कहा, रायपुर दक्षिण हमारी भाजपा सरकार के सुशासन पर जनता की मुहर है। हमने प्रदेश में लोकतंत्र के प्रति जनता के भरोसे को बहाल किया है। मोदी जी की गारंटी को सरकार ने महज कुछ महीनों में पूरा करने का काम किया है। यह उसका जनादेश है। सीएम साय ने कहा, मैं इस जीत के लिए भाजपा के कार्यकर्ताओं, चुनाव के प्रभारी श्यामबिहारी जायसवाल, शिवरतन शर्मा, भाजपा के सभी मंत्री विधायक, पदाधिकारियों एवं पिछले कई दशकों से दक्षिण विधानसभा की सेवा कर रहे सांसद बृजमोहन अग्रवाल को बधाई देता हूं। हमारे प्रत्याशी सुनील सोनी को भी इस प्रचंड जीत की बहुत-बहुत बधाई।

भारतीय जनता पार्टी रायपुर दक्षिण के मतदाताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है। मैं उनका बहुत-बहुत आभार करते हुए इस बात का विश्वास दिलाता हूं कि जो विश्वास जनता ने किया है हम उस पर खरे उतरेंगे। सीएम साय ने कहा, जीत के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट करता हूं, जिनका जादू पूरे देश में चल रहा है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।



### जीत के बाद विधानसभा अध्यक्ष रमन से मिले सोनी

रायपुर। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में नव निर्वाचित विधायक सुनील सोनी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके निवास स्थान स्पीकर हाउस पहुंचकर सौजन्य मुलाकात की। इस ऐतिहासिक जीत पर श्री सोनी को बधाई देते हुए डॉ. रमन ने विधानसभा में उनका स्वागत किया और रायपुर दक्षिण के नागरिकों के प्रति सांसद और महापौर रहते हुए उनके योगदान को सराहा। डॉ. रमन ने कहा, श्री सोनी की यह जीत जनता के अभूतपूर्व विश्वास और रायपुर दक्षिण क्षेत्र में किए गए अथक परिश्रम का परिणाम है। मैं उन्हें इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देता हूं और विश्वास करता हूं कि वे विधानसभा में अपने क्षेत्र की आवाज को मजबूती से उठाएंगे। डॉ. रमन ने कहा, सुनील सोनी का जीतना रायपुर दक्षिण के विकास और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक नई शुरुआत है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा, श्री सोनी जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विधानसभा में सकारात्मक योगदान देंगे।

### भाजपा नेता जमकर थिरके

भाजपा की जीत के बाद एक एक करके भाजपा नेता एकात्म परिसर पहुंचे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोनी, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, शिवरतन शर्मा, भाजपा मीडिया विभाग के अमित चिमनानी, अनुराग अग्रवाल सहित कई भाजपा नेता और पदाधिकारी पहुंचे। सभी नए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। इसी के साथ कई भाजपा नेता जमकर थिरके भी। जमकर आतिशबाजी भी की गई।

### भाजपा नेता बोले- जनता ने जताया अगाध विश्वास

उपचुनाव के प्रभारी श्यामबिहारी जायसवाल ने रायपुर दक्षिण में भाजपा की शानदार जीत और लगातार नौवीं बार वापसी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन, कार्यों और भाजपा के प्रति जनता-जनार्दन के अगाध विश्वास का परिचायक बताया है। श्री जायसवाल ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने सोचा, शायद इस बार कुछ नई शिगूफेबाजी की जाए और उन्होंने जाति व धर्म के आधार पर समाज को बांटने का शिगूफा उछाला था, लेकिन कांग्रेसी-बदनीयती नहीं चल पाई। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, रायपुर दक्षिण की जनता ने एक बार फिर बता दिया कि प्रदेश और शहर का विकास केवल भाजपा की सरकार ही कर सकती है। रायपुर दक्षिण की जनता ने मोदी जी की विश्वसनीयता और विष्णु देव साय सरकार के सुशासन, प्रदेश सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर एक बार फिर कमल पर मुहर लगाई। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा, भाजपा की यह जीत जनता-जनार्दन के संकल्पों की जीत है। जनता ने भाजपा के संकल्पों और मोदी की गारंटी ,विष्णु देव सरकार के ऐतिहासिक कार्यों और दक्षिण विधासनभा में पिछले कई वर्षों पूर्व विधायक व सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा किए जा रहे विकास पर मुहर लगाई है।पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा, यह जीत डबल इंजन सरकार की सुरक्षा-सुशासन एवं जन-कल्याणकारी नीतियों तथा समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम की जीत है।

### एम्स के डाक्टर का जयपुर में सम्मान

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पैथोलॉजी और प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग के डॉ. राकेश गुप्ता को एएमयू एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार युवा शोधकर्ताओं को चिकित्सा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। जयपुर के एसएमएस कॉलेज में आयोजित एएमयूकॉन-2024 के समारोह में उन्हें यह सम्मान दिया गया। विजेताओं का चयन एक प्रतिष्ठित जूरी द्वारा उनकी शैक्षणिक और शोध उपलब्धियों के आधार पर किया जाता है। डॉ. गुप्ता के पैथोलॉजी क्षेत्र में योगदान ने उन्हें इस योग्य सम्मान का हकदार बनाया। सम्मेलन के दौरान, डॉ. गुप्ता ने एक म्यूटेशन एनालिसिस पर हैंड्स-ऑन वर्कशॉप में व्याख्यान देकर अपनी महत्वपूर्ण शैक्षणिक भागीदारी दर्ज की। डॉ. गुप्ता पिछले चार वर्षों से एएमयू के सदस्य रहे हैं और वर्तमान में संगठन में कार्यकारी सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। हाल ही में उन्हें पूर्वी क्षेत्र के जोनल कार्यकारी के रूप में चुना गया, जिससे संगठन में उनकी नेतृत्व भूमिका और मजबूत हुई। एम्स के निदेशक अशोक जिंदल ने डॉ. गुप्ता को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी और चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण की प्रशंसा की।

## कांग्रेस बोली- दक्षिण उपचुनाव का नतीजा हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं, जनादेश शिरोधार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, दक्षिण विधानसभा उपचुनाव का जनादेश शिरोधार्य है। उपचुनाव के परिणाम पार्टी की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आये।

पूरी पार्टी, नेताओं और कार्यकताओं ने एकजुटता से चुनाव को लड़ा। उपचुनाव का रिजल्ट आमतौर पर सत्ता दल के पक्ष में आता है। जब कांग्रेस की सरकार थी, तो कांग्रेस पार्टी ने 5 उपचुनाव जीते थे। जनता के हित और सरोकार के लिये हमारी लड़ाई जारी



रहेगी। उन्होंने कहा, एक उपचुनाव के परिणाम से जनता के सभी सवालों का जवाब नहीं मिल जाता और न ही राज्य के हालात में परिवर्तन हो जाता है। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था, राज्य में भ्रष्ट तंत्र का बोलबाला, भाजपा की वादा खिलाफी, 1 लाख नौकरियों का वादा, 500 में गैस सिलेण्डर, 1.25 करोड़ माताओं बहनों के महतारी वंदन की राशि, अनियमित कर्मचारियों को 100 दिन में नियमित करने का वादा, धान खरीदी की परेशानी ऐसे विषय हैं, जिसमें साय सरकार विफल साबित हुई है। कांग्रेस, सरकार को वादे याद दिलाती रहेगी तथा मजबूत विपक्ष के रूप में अपना संघर्ष जारी रखेगी। झारखंड, कर्नाटका, राजस्थान और मध्यप्रदेश की एक सीट पर कांग्रेस इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विजयी हुये हैं। महाराष्ट्र का चुनाव परिणाम अप्रत्याशित है। वायनाड से अभूतपूर्व विजय हासिल करने के लिये कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को बधाई।

## बिहान समूह के कार्यों को भारत सरकार के एडिशनल सेक्रेटरी ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के एडिशनल सेक्रेटरी चरणजीत सिंह ने शनिवार को धमतरी जिले के नारी और चर्रा गांव का दौरा कर बिहान समूह की महिलाओं से मुलाकात की और उनके द्वारा संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया।

एडिशनल सेक्रेटरी ने बिहान के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत एवं स्वावलंबी बनाने किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा, बिहान समूह से जुड़कर महिलाओं में जागरूकता और आर्थिक स्वावलंबन की भावना विकसित हुई है। एडिशनल सेक्रेटरी श्री सिंह आज छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर रायपुर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ के लिए नये प्रोजेक्ट्स की संभावनाओं पर चर्चा की। इसके बाद धमतरी ज़लि के कुरुद विकासखंड के नारी एवं चर्रा गांव पहुंचे और वहां बिहान समूह की महिलाओं द्वारा किये जा कार्यों का अवलोकन किया।

यहां कृषि आधारित उत्पाद, पशुपालन, ग्रीन आर्मी की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहा। श्री सिंह ने विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवारों के स्वावलंबन के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं से बिहान अंतर्गत आजीविका गतिविधियों से हो रही आय व्यय के बारे में भी पूछा। ग्राम चर्रा में महिला समूह के उत्पाद के स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने बैंक सखी के कार्य में आने वाली दिक्कतों के बारे में जानकारी ली।

## निरीक्षण में गायब मिला सचिव और तकनीकी सहायक

### तकनीकी सहायक व सचिव पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंचायत सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने विकासखंड पाटन स्थित ग्राम पंचायत अचानकपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शासन की महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का प्रोत्साहन कर उनके निर्माणाधीन आवास निर्माण कार्यों पर चर्चा की। जिला पंचायत सीईओ ने निरीक्षण के दौरान मौके पर अनुपस्थित तकनीकी सहायक व सचिव को कार्यस्थल में रहने की चेतावनी दी। उन्होंने ग्राम पंचायत अचानकपुर का क्षेत्रीय भ्रमण भी किया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत तीन आवासों का निरीक्षण किया। जिस पर दो आवास प्लींथ लेवल एवं एक आवास लेटर लेवल तक पूर्ण हो चुका है। एक हितग्राही की प्रथम किस्त 40 हजार रुपए प्राप्त हो चुकी है एवं अन्य हितग्राही द्वितीय किस्त 60 हजार के लिए एक परिवार का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम पंचायत में निर्मित स्वच्छाग्राही सेग्रीगेशन वर्कशेड का भ्रमण किया।



### व्यक्तिगत शौचालयों की देखी उपयोगिता

भ्रमण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री दुबे ने व्यक्तिगत शौचालयों का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें गांव के सभी घरों में शौचालय निर्माण पूर्ण होने एवं सभी के द्वारा उपयोग किए जाने की जानकारी मिली। यह गांव विकासखंड पाटन का प्रथम ओडीएफ गांव है। गांव में साफ सफाई बनाए रखने के लिए ग्राम पंचायत को निर्देश दिए गए। आवास निर्माण कार्यों में गंभीरता से एवं यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु कहा गया। साथ ही मनरेगा सहायक परियोजना अधिकारी एवं आवास समन्वयक को फोटोग्राफ्स के माध्यम से प्रगति की जानकारी देने कहा गया। भ्रमण के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत से सेग्रीगेशन यार्ड स्वच्छता निरीक्षण किया गया।

### यूजर चार्ज नहीं दे रहे ग्रामीण

जानकारी दी गई कि, ग्राम में प्रति रविवार घर-घर जाकर कचरा एकत्र किया जाता है। वर्तमान में गांव में यूजर चार्ज प्रारंभ नहीं किया गया है। गांव के सभी लोगों द्वारा यूजर चार्ज नहीं दिया जाता है। मौके पर निर्देश दिया गया कि सभी ग्रामीणों को यूजर चार्ज देने के लिए प्रेरित किया जाए एवं स्वच्छाग्रहियों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया जाए। गांव में घर-घर कचरा कलेक्शन नियमित रूप से किया जाए एवं शेड में लाकर उसका उचित पुनर्चक्रण एवं सुरक्षित निपटान किया जाए।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS Authorized dealer | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र में भाजपा के जबरदस्त जीत : उमरे

दुर्ग। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों ने भारतीय जनता पार्टी को बडी जीत दिलाते हुए देश की राजनीति में बड़ा बदलाव संकेतित किया है। पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने इस सफलता को जनता का भरोसा करार दिया और जीत का श्रेय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को दिया है। डॉ प्रतीक उमरे ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा और खासकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को कोस रहे थे। वह लगातार कह रहे थे कि आरएसएस की आस्था देश के संविधान में नहीं है। जिसकी वजह से जनता ने राहुल गांधी को आइना दिखा दिया है। क्योंकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाराष्ट्र में बीजेपी की बड़ी जीत की वजह बनी है।

### आवेदनों का शिविर में हुआ निराकरण

दुर्ग। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर विकासखंड पाटन के ग्राम घुघवा क में आयोजन किया गया । जिसमें जल जीवन मिशन से संबंधित समस्याओं के निवारण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने स्टाल नंबर 12 में ग्रामीणों के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। जनसमस्या शिविर में ग्रामीणों द्वारा 2 आवेदन विभाग को प्राप्त हुए । जिसका निराकरण शिविर स्थल में ही किया गया। ग्राम घुघवा क में हर घर जल उत्सव मना कर ग्राम को हर घर जल प्रमाणित किया है। ग्राम में सभी घर में नल से शुद्ध पेयजल ग्रामीणों को प्राप्त हो रहा है।

### कलेक्टर के आदेश पर नाली से हटाया कब्जा

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से टीएल में शिकायत पर बघेरा में नाली के उपर कब्जे को हटाया गया हैं। वार्ड नबर 56 बघेरा में गांधु नामक द्वारा नाली क्षेत्र के उपर स्थायी अस्थायी निर्माण कार्य करते हुए नाली क्षेत्र को बंद कर अतिक्रमण कर कब्जा किया गया था। जिसकी कलेक्टर से शिकायत हुई थी। कलेक्टर टीएल शिकायत में भी की गई थी। जिसके आधार पर नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर 56, बघेरा में कार्रवाही स्थल पहुँचकर टीम ने कब्जा मुक्त कर निराकरण किया गया। शनिवार को 56 बघेरा में संतोष पारधी नामक द्वारा नाली क्षेत्र के उपर स्थायी अस्थायी निर्माण कार्य करते हुए नाली क्षेत्र को बंद कर अतिक्रमण कर कब्जा किया गया था। जिससे नाली क्षेत्र बाधित हो रही है।

### महाविद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न

दुर्ग। चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कचांदुर दुर्ग की प्रबंधकारिणी स्वशासी समिति की सप्तम बैठक महाविद्यालय के सभा कक्ष में संभागायुक्त श्री एस.एन. राठौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। शहर से महाविद्यालय चिकित्सालय तक सुविधा जनक आवागमन हेतु सिटी बस संचालित की जायेगी। संभागायुक्त श्री राठौर ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आम लोगों के आवागमन के लिए ग्राम कुरूद मोड से महाविद्यालय पहुंच मार्ग के मोड़ तक पक्की सड़क की व्यवस्था के निर्देश दिए।

## आयोजन : ग्राम खोपली में विधायक चंद्राकर ने किया मितानिनों का सम्मान

# स्वास्थ्य सेवा का आधार स्तंभ हैं मितानिनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत खोपली में मितानिन दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर थे।

इस खास अवसर पर समाज सेवा में हमेशा तत्पर रहने वाली मितानिन बहनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और उपस्वास्थ्य केंद्र सहायकों का सम्मान कर, उनके अथक प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री चंद्राकर ने मितानिनों के समर्पण और समाजसेवा के प्रति उनके अतुलनीय योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि मितानिन स्वास्थ्य सेवा का आधार स्तंभ हैं और उनका कार्य समाज में महत्वपूर्ण बदलाव लाने में सहायक है। पोषण, स्वास्थ्य एवं जागरूकता के क्षेत्र में मितानिनों ने उल्लेखनीय काम किया है। वे हमारे प्रदेश का गौरव हैं। छत्तीसगढ़ की





जनता के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में हमारी 72 हजार मितानिन बहनों की मेहनत का बहुत बड़ा योगदान रहा है। राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो प्रगति हासिल की है, वह मितानिनों के प्रयास के बिना संभव नहीं होती। वे स्वास्थ्य समस्याओं पर समुदाय की जागरूकता बढ़ाने, उचित सलाह देने और सामान्य बीमारियों के लिए प्राथमिक इलाज देने का भी काम कर रही हैं।

स्वास्थ्य के अधिकार के साथ-साथ मितानिन बहनें महिला सशक्तिकरण जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी बेहतर कार्य कर रही हैं। वे शासन की अनेक कल्याणकारी योजनाओं के अधिकार से समुदाय को जोड़ रही हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि हमारी सरकार ने मितानिन बहनों को हर माह पैसा देने का काम कर रही है और उन्हें सम्मान के साथ आत्म निर्भर बनाने का काम कर रही है।

इस अवसर पर जिला मंत्री रोहित साहू, मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, भाजयुमो अध्यक्ष प्रवीण यदु, फलेंद्र सिंह राजपूत, सतीश चंद्राकर, हरीश यादव, लक्ष्मीनारायण साहू, खुबिलाल साहू, सोहन रिगरी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और मितानिन उपस्थित रहे।

## जनपद सदस्य संजय ने किया मितानिनों का सम्मान

**कुसुमकसा।** मितानीन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद सदस्य संजय बैस ने सभी मितानीन बहनों को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री बैस ने कहा कि हमारी मितानीन बहनें ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनके द्वारा बच्चों को टीका लगाने से लेकर गर्भवती महिलाओं की देखरेख, उन्हें अस्पताल ले जाना, जच्चा बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार समन्धित जानकारी देने के साथ ही अनेक प्रकार के काम काम जिम्मेदारी से किया जाता है। जितने भी स्वास्थ्यगत



शिविरों में सेवा देने के लिए ये बहनें हमेशा आगे रहती हैं। उन्होंने कहा कि अभी कुछ दिन पूर्व हमारे गांव में डायरिया और डेंगू के मरीज बढ़ गए थे, उन दिनों मितानीन बहनों ने स्वास्थ्य विभाग के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर दिन-रात अपनी सेवाएं दीं, जिससे हम अपने गांव को सुरक्षित कर पाए। आज इन बहनों का सम्मान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, इससे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

### मितानिनों ने जताया आभार

कार्यक्रम के दौरान मितानीन प्रशिक्षक रूपा सिन्हा ने कहा कि हमारे जनपद सदस्य संजय बैस से सम्मान पाकर हम सभी मितानीन कार्यकर्ता गौरवान्वित हैं। वास्तव में हमारी काम की कद्र करने वाले जनप्रतिनिधि संजय बैस हैं। हमें हमेशा सहयोग के साथ सम्बल प्रदान करते हैं। हम सभी मितानीन बहनें आभार व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर अमृता पंन्द्रामे पदमा धुर्वे रामशिला मण्डवी कुलेश्वरी धुर्वे घासनीन ताराम गिरजा विश्वकर्मा बुधयारीन कोठारी द्रोपदी भरतद्वाज सरस्वती बोगा सुकमा नागेंद्र का सम्मान किया गया।




## एनएसएस शिविर पहुंचे वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने दिया मार्गदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा/बालोद/गुण्डरदेही

माता कर्मा महाविद्यालय गुण्डरदेही की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम डंगनिया में सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस पर बौद्धिक परिचर्चा सत्र में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ स्वयंसेवक सत्येन्द्र साहू राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित, कौशल गजेन्द्र राज्य स्तरीय पुरस्कृत श्रेष्ठ स्वयंसेवक, यशवंत कुमार टंडन राज्य स्तरीय पुरस्कृत स्वयंसेवक, देवेन्द्र कुमार साहू राज्य स्तरीय पुरस्कृत श्रेष्ठ स्वयंसेवक, धनेश साहू, कल्पना बम्बोड़े, ऋचा साहू प्री आरडीसी परेड व अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इस परिचर्चा में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, जिनमें नशा मुक्त समाज, सामाजिक जिम्मेदारी, और पर्यावरण संरक्षण शामिल थे। इस परिचर्चा में विशेषज्ञों और छात्रों ने भाग लेकर अपने विचारों को साझा किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सत्येन्द्र साहू ने कहा, 'हमारा उद्देश्य छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में जागरूक करना और उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करना है। इस आयोजन के दौरान छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें सेमिनार, वर्कशॉप, और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे।

### भोथली बासीन में एनएसएस शिविर जारी



**गुरूर।** ज्ञान ज्योति उच्च माध्यमिक विद्यालय गुरूर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम भोथली बासीन में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 20 से 26 नवंबर तक किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष तोषण लाल साहू थे, जहां उन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में संरक्षक ज्ञान ज्योति उच्च माध्यमिक विद्यालय गुरूर प्रबंधक पूरल लाल साहू व प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना प्यारे लाल साहू उपस्थित थे।

## सांसद भोजराज ने देखी द साबरमती रिपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- भाजपा जिला इकाई ने की थी फिल्म दिखाने की व्यवस्था

कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग कार्यकर्ताओं के साथ गोधरा ट्रेन अग्निकांड 2002 पर आधारित हिंदी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट देखने पांची सिनेमा पहुंचे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा को दक्षिण रायपुर उप चुनाव व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाज़ी की। सांसद श्री नाग शाम 6 बजे बालोद स्थित पांची सिनेमा सिटी माल मल्टीप्लेक्स पहुंचे, जहां भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद द्वारा गोधरा ट्रेन अग्निकांड 2002 पर आधारित हिंदी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट दिखाने की व्यवस्था की गई है।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, महामंत्री द्वय राकेश छोटू यादव, चेमन देशमुख, छगन देशमुख, त्रिलोकी साहू, जयेश ठाकुर, लोकेश श्रीवास्तव, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रेस्ट हाउस में विभिन्न संघों व समाज के लोगों से की मुलाकात

सांसद भोजराज नाग सुबह 10:30 बजे सांसद रेस्ट हाउस पहुंचे जहां पार्टी जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, महामंत्री राकेश छोटू यादव, चेमन देशमुख सहित कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान राइस मिल एसोसिएशन प्रमुख ताराचंद सांखला व सदस्यों ने मुलाकात कर राइस मिल में मिलिंग में आ रही समस्या के समाधान का आग्रह किया। वहीं, जिला परिवहन संघ अध्यक्ष मनोज चांडक व सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर आवेदन सौंपा। जाटा दाह पंचायत सरपंच तेजस्वी दुग्गा, कोटवार विष्णु राम, शिवकुमार ने स्कूल में बाउंड्रीवाल व गोंडवाना भवन के विषय में मुलाकात कर आवेदन दिया। सिन्हा समाज बोरिदकला मंडल गुरुर के सामाजिक लोगों ने भी सहस्रबाहू जयंती के संबंध में चर्चा की। इसके साथ ही सतनामी समाज, प्लेसमेंट जिला कर्मचारी संघ, राजहरा परिवहन संघ ने स्थानीय सुविधा के लिए मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी के साथ मिलकर आवेदन दिया।



### महाराष्ट्र में एनडीए की जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

**गुरूर।** महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में एनडीए सहित भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर भारतीय जनता पार्टी मंडल गुरुर के कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशियां मनाई। मंडल कार्यालय के सामने मेन रोड पर जोरदार आतिशबाजी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा के साथ महाराष्ट्र के मतदाताओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक चंदन लाल सिन्हा, नगर पंचायत गुरुर के नेता प्रतिपक्ष चिंताराम साहू, पूर्व एल्डरमैन चंद्र प्रकाश गांधी, गिरधर ठाकुर प्रमुख रूप से शामिल थे।

## पंच गव्य चिकित्सा महासम्मेलन में पुरुषोत्तम सिंह और उनकी टीम ने दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- फोगला आश्रम वृंदावन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र

12वें पंच गव्य चिकित्सा महासम्मेलन का आयोजन फोगला आश्रम वृंदावन में किया गया। कार्यक्रम में बालोद जिले से शामिल गव्य सिद्ध पुरुषोत्तम सिंह राजपूत और उनकी टीम गुरुकृपा मानस परिवार संस्कार परिसर ने लोक संस्कृति और लोक संगीत में मूल आयुर्वेद विषय पर कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति से लोगों को झूमने पर विवश कर दिया।

श्री राजपूत के साथ मनीष दास मानिकपुरी, टेमीन, देवकी, हास्मिता, नेहा उर्वासा, कृपा पटेल ने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। महासम्मेलन के दौरान श्री राजपूत को महर्षि वागभट्ट पंचगव्य ज्ञानकोष राष्ट्रीय सम्मान और मनीष दास को राजीव दीक्षित श्रेष्ठ पंचगव्य प्रचारक सम्मान दिया गया।

इसी तरह पंचगव्य विद्यापीठम गुरुकुलम कांचीपुरम द्वारा लोक कला और परंपरा को सहेजने के लिए सभी कलाकारों को मुख्य अतिथि श्रीधर स्वामी ने लोककला संरक्षण अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं, श्री राजपूत की पालित पुत्री टेमिन साहू और मनीष दास मानिकपुरी को पंचगव्य प्रसव विशेषज्ञ चिकित्सक प्रमाण पत्र विशेष अतिथि गौ सेवा आयोग सदस्य रमाकांत ने प्रदान किया। इसके साथ ही उन्हें गव्य सिद्ध चिकित्सक डिप्लोमा सर्टिफिकेट, शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र के साथ अंक सूची दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के गौ सेवा आयोग अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने प्रदान किया।

इन उपलब्धियों पर डॉ प्रशांत झा, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झारिया, योगाचार्य गोपाल वर्मा, केशव साहू, लादूसिंह मोकावत, पुस्कर सिंह राजपूत, जयकरण सिंह परिहार, धीरज उपाध्याय, रमेश रावते, योगेश्वर यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।






### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 को

दुर्ग। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2024 की चतुर्थ एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत 14 दिसम्बर को जिला न्यायालय दुर्ग, परिवार न्यायालय दुर्ग, श्रम न्यायालय दुर्ग, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाए) दुर्ग तथा किशोर न्याय बोर्ड व तहसील न्यायालय भिलाई-3. पाटन, व धमधा में आयोजित की जाएगी।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

## पाटन के आधा दर्जन गांव में विष्णुभोग और दुबराज के सुगंधित चावल की खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- तीन साल तक पाटन के किसानों को जैविक खेती के लिए तैयार करने का लक्ष्य

राज्य शासन के बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत पाटन ब्लाक के ढाई सौ एकड में किसान सुगंधित चावल की खेती कर रहे है। पाटन में करीब ढाई सौ किसानों का रूख इन दिनों जवांफूल, विष्णुभोग, तरूण भोग, दुबराज और इंदिरा बरानी जैसे सुगंधित चावल की खेती करने की ओर हैं। बाजार में महंगी दाम पर बिकने वाले इस चावल को लेकर किसान अब दूसरे साल की तैयारी में जूटे हुए है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत पाटन के सोनपुर, पंदर, सांकरा, चंगोरी में बीस-बीस हेकटेयर में जैविक खेती हो रही हैं, वहीं ढौर, मुढपार में दस हेक्टेयर रकबे पर किसान सुगंधित जैविक खेती कर रहे हैं। इन गांव में ढाई सौ एकड जमीन पर किसानों से बीज निगम द्वारा तीन साल के लिए अनुबंध किया गया है। किसान पहले साल फसल उत्पादित कर अब बीज निगम को बेचेगें। बीज निगम द्वारा इसके लिए किसानों को प्रति एकड दस हजार रूपए की सब्सिडी भी उपलब्ध करा रही है। जिसमें किसानों को बीज में एक हजार की सब्सिडी, बीजोपचार, वर्मी कंपोस्ट, आर्गनिक खाद, बायोफर्टिलाइजर, निंदाई और कोढाई के साथ कीट प्रबंधक के लिए दस हजार प्रति एकड तक सब्सिडी दे रही है। बीज में सब्सिडी के साथ ही किसानों द्वारा उत्पादित धान की खरीदी बीज निगम द्वारा की जाएगी। जिसका दर समर्थन मूल्य से पांच सौ रूपए अधिक होगा। यानि किसानों के सुगंधित धान को 38 सौ प्रति क्विंटल तक निगम द्वारा खरीदी की जाएगी।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।

CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

online Booking:-www.tripuryatra.com

दिनांक (05 दिन)
22 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024, 13 जनवरी से 17 जनवरी 2025
26 जनवरी से 30 जनवरी 2025, 09 मार्च से 13 मार्च 2025
13 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बूढ़ा नीलकंठ, शांघा), काठमांडू दरबार
Ex गोरखपुर/ नोतनवा
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 7,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411